दसवाँ पाठ

गुब्बारा



शिक्षण बिंदु

क स् ् क्या है, सस्ता, लड्डू

क्यारी क्या री



लड्डू लड्डू



पत्ता प त्ता



पुस्तक पु स्त क



गुब्बारा गु ब्बा रा



बिल्ली बि ल्ली



शिक्षण संकेत

- श्यामपट पर गुब्बारा लिखें और उसका चित्र दिखाते हुए विद्यार्थियों से बार-बार बुलवाएँ।
- इसी तरह पुस्तक, क्यारी, लड्डू और बिल्ली के चित्र दिखाएँ। वर्णों की अलग-अलग पहचान करवाते हुए बार-बार बुलवाएँ।

2. पहचानो और बोलो

लड्डू	क्यारी	पुस्तक	बिल्ली	गुब्बारा
ड्डी	क्या	स्त	ल्ल	ब्ब

3. सुनो और बोलो

बिल्ली	लट्टू	त्याग	खद्दर	अच्छा	कबड्डी
उल्लू	लड्डू	न्याय	चद्दर	मच्छर	गुब्बारा
गत्ता	मिट्टी	वस्तु	पत्थर	बच्चा	चम्मच
बत्ती	छुट्टी	सस्ता	सप्ताह	सच्चा	हिम्मत
ढक्कन	मुट्ठी	व्यास	रक्त	लज्जा	अनन्नास
चिट्ठी	न्यास	प्यास	मुफ्त	सज्जा	मक्खन

4. बार-बार बोलो

सच्चा-अच्छा	लट्टू-लड्डू	अक्षर-मच्छर
गत्ता-गद्दा	छुट्टी-चिट्ठी	मिट्टी-मुट्ठी

5. लिखो

फ्त	ध्य	ल्ल	क्त	च्छ
वाक्य	खद्दर	अध्यापक	पत्ता	वक्त
दक्षिण	उत्तर	स्कूल	चम्मच	छुट्टी
बिल्ली	लट्टू	त्याग	अच्छा	कबड्डी
उल्लू	लड्डू	याय	गुच्छा	मच्छर
गुब्बारा	गत्ता	मिट्टी	सस्ता	पत्थर
बच्चा	चम्मच	पत्ता	हिम्मत	ढक्कन
सस्ता	सच्चा	मुट्ठी	खच्चर	कच्चा

6. शब्द और चित्र का मिलान करो





लट्टू

चम्मच

उल्लू

थैला

अनन्नास







7. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर खाली जगह भरो



त्रि							
				पु			
ण							
			डॉ				
च		ढ	क				
			ट				
					गु		बा	
च							









मौखिक पाठ

शिक्षण बिंदु

कल रविवार था।
तुम कहाँ थे?
मैं सूरजकुंड मेले में था।

1. अध्यापक वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थी सुनेंगे

आज सोमवार है।
कल रविवार था।
कल स्कूल की छुट्टी थी।
स्कूल के बच्चे मैदान में थे।
हमारे साथ कक्षा के अध्यापक थे।
मैं सूरजकुंड के मेले में था।
नवंबर का दिनांक दो है।
कल पहली तारीख थी।
मेला बहुत बढ़िया था।

2. अध्यापक बोलेंगे और विद्यार्थी दोहराएँगे

कल शाम को कंचनलाल घर पर नहीं था।
घर का दरवाजा बंद था।
खिड़की भी बंद थी।
क्या कल दफ़्तर की छुट्टी थी?
अलमारी में कुल दस कपड़े थे।
मेरी चिट्ठी वहाँ नहीं थी।
टोकरी में कितने आम थे?
बाज़ार में केले कुछ सस्ते थे।
लेकिन आम बहुत महंगे थे।
कल रविवार था, परसों शनिवार था।

3. प्रश्नोत्तर अभ्यास

अध्यापक प्रश्न पूछेंगे और विद्यार्थी उत्तर देंगे, जैसे–

अध्यापक	विद्यार्थी
कल शाम को तुम कहाँ थे?	कल मैं भुवनेश्वर था।
परसों कौन-सा दिन था?	परसों शनिवार था।
क्या परसों स्कूल की छुट्टी थी?	जी हाँ, परसों भी छुट्टी थी।
टोकरी में कितने आम थे?	टोकरी में दस आम थे।
मेला कैसा था?	मेला बहुत बढ़िया था।
कल कौन-सी तारीख थी?	कल पहली तारीख थी।

योग्यता विस्तार

- शिक्षण बिंदु वाले सभी वर्णों को श्यामपट पर लिखें और विद्यार्थियों से बारी-बारी इनकी पहचान करवाएँ।
- एक स्थान पर संयुक्ताक्षर से बने शब्दों के चित्र होंगे और दूसरे स्थान पर वर्णों के कार्ड। कोई विद्यार्थी चित्र निकालेगा और दूसरे विद्यार्थी वर्णों को मिलाकर उसके अनुसार शब्द बनाएँगे।
- अध्यापक ऐसा फ़्लैशकार्ड बनाएँ जिस पर शब्द के शुरू, मध्य या अंत के वर्ण लिखे होंअथवा श्यामपट पर इस प्रकार के कुछ शब्द लिखें, जैसे–**क्या.....**, **.....ब्बा.....**, **.....स्त.....**, **.....त्ता**, **गुब्बारा**, **लड्डू** आदि शब्द विद्यार्थियों से बनवाएँ, उनसे बुलवाएँ और लिखवाएँ।

